महत्वपूर्ण/ई–मेल
संख्या– 2355/आठ–3–23–3099/356/2021

प्रेषक,

उदय भानु त्रिपाठी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. उपाध्यक्ष,
लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, झांसी, अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, सहारनपुर, मथुरा, गाजियाबाद एवं फिरोजाबाद विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।

2. जिलाधिकारी/नियंत्रक प्राधिकारी,
विनियमित क्षेत्र,
शाहजहांपुर।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 लखनऊ : दिनॉक : 29 सितम्बर, 2023

विषय :– पब्लिक चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर्स की स्थापना के संबंध में।

महोदय,

कृपया अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इन्वेस्ट यूपी के पत्र संख्या–19143/इन्वेस्ट यूपी/ई.वी./2023–24 दिनांक 12.09.2023 **(छायाप्रति संलग्न)** का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति–2022 के विभिन्न प्रस्तरों में विहित प्राविधानों के कार्यान्वयन एवं कृत कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा के संबंध में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में दिनांक 08.08.2023 को बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में विकास प्राधिकरणों में पब्लिक चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर्स के संबंध में निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उक्त बैठक में लिए गए गये निर्णय के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया गया है।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय,

(उदय भानु त्रिपाठी)
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इन्वेस्ट यूपी, चतुर्थ तल, ए–ब्लॉक, पिकप भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
(2) मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
(3) निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0, लखनऊ।

आज्ञा से,

(चन्द्र श्याम मिश्र)
अनु सचिव।

संख्या–2355/आठ-3-2023

INVEST UP
POWERING NEW INDIA
Investment promotion & facilitation Agency of Govt. of Uttar Pradesh

संख्या 19143 /इन्वेस्ट यूपी/ई.वी./2023–24 दिनांक 12सितम्बर, 2023

प्रेषक,

प्रथमेश कुमार,
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
इन्वेस्ट यूपी।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

विषयः– पब्लिक चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर्स की स्थापना के संबंध में।

महोदय,

उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति – 2022 के विभिन्न प्रस्तरों में विहित प्राविधानों के कार्यान्वयन एवं कृत कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा के संबंध में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में दिनांक 08/08/2023 को बैठक सम्पन्न हुई थी।

उक्त बैठक में विकास प्राधिकरणों में पब्लिक चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर्स के संबंध में तीन चरणों में निम्नानुसार निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिये गयेः

Sr. No.	District Name	No of Zone	Covered Area (Sq.Km)	Phase 1 Target (FY 23-24)	Phase 2 Target (FY 24-25)	Total PCI Target**
1	Lucknow	8	631	7	17	24
2	Kanpur	6	403	5	10	15
3	Gorakhpur	4	226	4	10	14
4	Jhansi	4	160	3	7	10
5	Ayodhya	4	120	3	7	10
6	Prayagraj	4	365	4	10	14
7	Varanasi	4	82	3	7	10
8	Agra	4	121	3	8	11
9	Aligarh	4	124	3	7	10
10	Meerut	6	450	6	14	20
11	Moradabad	4	75	3	7	10
12	Bareilly	4	106	3	7	10
13	Saharanpur	4	46	3	7	10
14	Mathura	2	28	3	7	10
15	Shahjahanpur	4	33	0	0	0
16	Ghaziabad	4	210	4	11	15
17	Firozabad	4	35	3	7	10
Total						203

उल्लेखनीय है कि ई.वी वाहनों के परिचालन में चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का विशेष महत्व है और इससे ई.वी. पारिस्थितिकी तंत्र (EV-ecosystem) का प्रभावशाली ढंग से विकास सम्भव हो सकेगा। अतः अनुरोध है कि कृपया बैठक में लिए गये उक्त निर्णय के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

प्रथमेश कुमार
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी।

संख्या 19143 (1)/इन्वेस्ट यूपी/ई.वी./2023–24 दिनांक 12 सितम्बर, 2023

उपरोक्त की प्रति निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, लखनऊ/कानपुर/गोरखपुर/झांसी/अयोध्या/प्रयागराज/वाराणसी/आगरा/अलीगढ़/मेरठ/मुरादाबाद/बरेली/सहारनपुर/मथुरा/शाहजहांपुर/गाजियाबाद/फिरोजाबाद।

2. उक्त प्रति औद्योगिक विकास अनुभाग–6 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया शासन स्तर से भी आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को प्रभावी कार्यवाही हेतु पत्राचार/अनुश्रवण किया जाए।

(प्रथमेश कुमार)
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी।